# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. - 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 232/2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक-01.07.2025

हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने के क्रम में आज दिनांक- 01.07.2025 को ***थाना अहरौला पुलिस द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्त को गिरफ्तार*** किया गया।

## थाना-अहरौला

## लूट की घटना का सफल अनावरण, 02 मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

### पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 27.06.2025 को आवेदक विनोद यादव पुत्र शिवराज यादव ग्राम गौरी थाना अहरौला, जनपद आजमगढ़ द्वारा थाने पर आकर लिखित तहरीर दिया गया कि मैं दिनाँक 24.06.2025 को शाहगंज बाजार में कुछ सामान खरीदने के लिए गया था, सामान खरीदकर शाहगंज से वापस आते समय लेट हो गया था, अम्बारी से अहरौला रोड पर पेट्रोल पम्प के आगे नाली के बगल में किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया कि कहां पर हो, मैने कुछ नहीं बताया ठीक उसी समय एक गाडी पर सवार चार व्यक्ति मेरे सामने आ गये तथा मुझे घेर लिये और मारने-पीटने लगे, जिससे मैं जमीन पर गिर पडा जब तक मैं शोर मचाता तब तक मेरी गाडी HF डीलक्स जिसका नं0 UP 50 BN 2823, मोबाईल व 2500 रूपये लेकर व सभी भाग गये। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 244/25 धारा 309(6) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तारी का विवरण/घटना का अनावरणः-

आज दिनांक 01.07.2025 को उ0नि0 सुधीर कुमार सिंह मय हमराह के साथ चौकी माहुल से प्रस्थान कर देखभाल क्षेत्र व तलाश वांछित अभियुक्त व चोरी के माल व मुल्जिम की तलाश में थाना क्षेत्र अहरौला एवं पवई के मिलने वाले सम्भावित स्थानों पर घूम कर तलाश करने का प्रयास कर रहा थे, की माहुल बाजार में जरिये मुखबिर सूचना मिली की दिनांक 24.06.2025 को हुई छिनैती की घटना से संबंधित अभियुक्त चोरी की मोटर साइकिल के साथ में हाईवे के किनारे फुलवरिया से निजामपुर जाने वाले लिंक मार्ग पर खड़े है। प्राप्त सूचना के आधार पर मौके पर पहुँचकर अभियुक्तों को घेरमारकर 02 अभियुक्तों

01. अशोक कुमार सिंह पुत्र रुद्रप्रताप सिंह निवासी इब्राहिमपुर थाना पवई आजमगढ़ उम्र करीब 55 वर्ष

02. दारा सिहं पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी इब्राहिमपुर थाना पवई आजमगढ़ उम्र करीब 22 वर्ष को रूपाईपुर मोड के पास बनी हुई पुलिया से समय करीब 08.30 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### अपराध का तरीका/पूछताछ का विवरणः-

बरामद मोटरसाइकिल के बारे में गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछने पर बताया गया कि हम दोनो लोग व हमारे साथी दिलशाद व फैजान पुत्रगण बादशाह निवासीगण सोफीगढ थाना अहरौला आजमगढ मिलकर रसूलपुर गांव के पास माहुल से अम्बारी जाने वाली सडक पर दिनाक 24.06.25 को शाम के समय करीब 8.30 बजे एक ब्यक्ति से जो HF डीलक्स है, उसे छिने थे। पकडे जाने के डर से हम लोगों ने गाडी का नम्बर प्लेट तोड कर फेक दिया तथा आज हम लोग मोटरसाइकिल को बेचने के लिए जा रहे थे कि आप लोग हम लोगो को पकड़ लिया गया। हम लोगों के साथ दिलशाद व फैजान भी हैं जो ग्राहक की तलाश मे गये हुए है। वह व्यक्ति जिसकी गाडी हम लोग छीने थे अपने मोबाइल से किसी को फोन मिलाने जा रहा था, पकडे जाने के डर से हम लोगों ने उसका मोबाईल छीन लिए जिसे आगे ले जाकर रास्ते में फेक दिये। तत्पश्चात मौके पर वादी मुकदमा को फोन कर के बुलाया गया तो वादी के द्वारा अपनी मोटरसाइकिल को देखकर पहचान किया गया। दूसरे मोटरसाइकिल के बारे में पूछने पर दारा सिंह ने बताया कि यह मोटर साइकिल हमारे साथी दिलसाद व फैजान उर्फ फैज लेकर आये थे इसी मोटर साईकिल पर बैठकर हम लोग आये थे तथा मोटर साईकिल छीनने के बाद एक एक मोटर साईकिल पर दो दो लोग बैठकर भागे थे।

## पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

01. मु0अ0सं0 244/25 धारा 309(6), 317(2) बीएनएस थाना अहरौला जनपद आजमगढ।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

01. अशोक कुमार सिंह  पुत्र रुद्रप्रताप सिंह निवासी  इब्राहिमपुर थाना पवई आजमगढ़ उम्र करीब 55 वर्ष
02. दारा सिहं पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी  इब्राहिमपुर थाना पवई आजमगढ़ उम्र करीब 22 वर्ष

## बरामदगी-

01. 02 मोटरसाइकिल

## प्रकाश में आये/फरार अभियुक्त का विवरणः-

1. दिलशाद पुत्र सगीर उर्फ बादशाह निवासी सोफीगढ थाना अहरौला आजमगढ
2. फैजान पुत्र सगीर उर्फ बादशाह निवासी सोफीगढ थाना अहरौला आजमगढ का नाम प्रकाश में लाया गया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

01. उ0नि0 सुधीर कुमार सिंह थाना अहरौला जनपद आजमगढ़।
02. हे0का0 इन्द्रमणि पटेल थाना अहरौला जनपद आजमगढ़।
03. हे0का0 सुरेन्द्र निषाद थाना अहरौला जनपद आजमगढ़।
04. का0 बलवन्त सिंह यादव थाना अहरौला जनपद आजमगढ़।
05. का0 अंचल सिह थाना अहरौला जनपद आजमगढ़।




